आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.08.2026 समय : 1905

- उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च राजकीय सम्मान से किया सम्मानित।
- प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं, संगीतकारों और कंटेंट क्रिएटर्स से नशामुक्त भारत अभियान के लिए जिंगल्स, स्लोगन और सामग्री तैयार करने की अपील की।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान कल तक पंजीकरण कर सकते हैं।
- जेम्स ऑफ इंडिया' चैलेंज के लिए प्रविष्टियां जमा करने का कल अंतिम दिन, प्रतिभागी तीन मिनट तक की मौलिक डिजिटल सामग्री अपलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज ताशकंद में उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओलिय दरजाली दोस्तलिक' से सम्मानित किया गया। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेव ने प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण और मजबूत संबंधों को समर्पित किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वह यह सम्मान पाकर गौरवान्वित हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि बहुत सारे लोग और विशेषकर युवा बड़ी संख्या में नशा मुक्त युवा और नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा तैयार करने और युवा संगीतकारों से ऐसे गीत बनाने को कहा जो नशा मुक्त जीवन का संदेश दें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश की बेटियों के सपनों की उड़ान अंतरिक्ष तक पहुंच रही है।

श्री मोदी ने कहा कि जब किसी जगह को स्वच्छ रखने का संकल्प लोगों का अपना संकल्प बन जाता है तो उससे, उस जगह की पहचान पूरी तरह बदल जाती है। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के पटवाई के आकाश और रोहन का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने लोगों से त्यौहारों के इस मौसम में वोकल फॉर लोकल का समर्थन का आग्रह किया।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 के लिए तीनों जिलों में धान को अधिसूचित फसल घोषित किया गया है। किसानों से योजना के तहत पंजीकरण कराने की अपील की गई है। पंजीकरण की अंतिम तारीख कल है। किसान अपने क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक या सहकारी बैंक में भूमि संबंधी दस्तावेज लेकर पंजीकरण करा सकते या राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

सरकार ने ऑनलाइन वायरल हो रहे उस ऋण स्वीकृति पत्र का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत बहुत कम ब्याज दर पर ऋण स्वीकृत किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने बताया कि यह पत्र फर्जी है। मुद्रा एक पुनर्वित्त संस्था है और यह छोटे उद्यमियों या व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से ऋण प्रदान नहीं करती है। ब्यूरो ने बताया

कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत नजदीकी बैंक शाखाओं, भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकृत गैर–सरकारी वित्तीय कंपनियों, सूक्ष्म वित्त संस्थाओं आदि के माध्यम से ऋण प्राप्त किए जा सकते हैं। पत्र सूचना कार्यालय ने नागरिकों से ऐसे दावों के झांसे में न आने को कहा है।

<><><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने देश के उभरते डिजिटल रचनाकारों को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए 'जेम्स ऑफ इंडिया' चैलेंज शुरू किया है। इस प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां कल तक संबंधित पोर्टल पर जमा की जा सकती हैं। प्रतिभागियों को एक से तीन मिनट की मौलिक डिजिटल सामग्री पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना की ओर से द्वीपसमूह के युवाओं के लिए अग्निवीर वायुभर्ती के तहत कल से 7 सितंबर तक नेताजी स्टेडियम में ओपन भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। भर्ती से संबंधित अधिक जानकारी भारतीय वायु सेना के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

जी.बी. पंत अस्पताल के नर्सिंग स्कूल में नर्सिंग ट्यूटर के तीन पदों पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए साक्षात्कार कल सुबह 10 बजे स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में होगा। उम्मीदवार की उम्र 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 50 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

<><><><><><><>